<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–01 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चैंबर्स का किया उद्घाटन। कहा– हर संकट में राष्ट्र को एकजुट रखने का श्रेय संविधान को।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चैंबर्स के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हुए शामिल। कहा– कानून का राज सुशासन की पहली शर्त।
- भड़काऊ भाषण के मामले में मऊ सदर के विधायक अब्बास अंसारी को एमपी–एमएलए कोर्ट ने सुनाई दो साल कारावास की सजा।
- आज दो पालियों में होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा। परीक्षा को लेकर कई शहरों में यातायात व्यवस्था में किये गये बदलाव।

**********

भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने कल प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चैंबर्स और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना मौलिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि संविधान के पचहत्तर वर्षो के कालखंड में ऐसे बहुत से कानून बनाये गये हैं, जिन्होंने देश में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में महती भूमिका निभाई है। कानूनों ने श्रमजीवी वर्ग और मजदूर वर्ग को भी सशक्त किया है। जस्टिस गवई ने कहा कि जनतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिये सामाजिक और आर्थिक असमानता को दूर करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हर संकट में एकजुट रहा है और इसका श्रेय भारत के संविधान को जाता है।

***हमारा संविधान ऐसा संविधान है, जो संविधान हमारे देश को 75 वर्ष के शासन में एक प्रगति और एक मजबूती की ओर प्रगति कर रहा है। आज हम देखते हैं कि हमारे बाजू के देश है उनकी क्या स्थिति है और भारत आज 75 वर्ष बाद प्रगति की ओर बढ़ रहा है और जब देश पर संकट आये उस समय एक मजबूत देश बनकर आया है। इसका श्रेय अगर देना चाहिये तो भारतीय संविधान को देना होगा।***

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है। कानून के शासन में बार और बेंच के साथ ही वादकारी के महत्व को नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता विपरीत हालात में काम करते हुए न्याय दिलाने के लिये संघर्षशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ताओं के हित और कल्याण के लिये हर संभव कदम उठा रही है।

***अधिवक्ता निधि की राशि को हम लोगों ने डेढ़ लाख से बढ़कर 5 लाख कर दिया और आयु सीमा को भी 60 साल से बढ़ाकर 70 वर्ष कर दिया। उसके लिए फंड बढ़ाकर हमने 500 करोड़ कर दिया उसके लिए न्यासी समिति इस पैसे का उपयोग समय–समय पर ऐसे ही अधिवक्ता के साथ कोई घटना दुर्घटना हो तो उसी परिवार को तत्काल उपलब्ध करा दे। अन्य सुविधाओं के साथ–साथ नये अधिवक्ताओं को पहले तीन वर्ष तक उनकी मैगजीन और अन्य पुस्तकों के लिये भी हम लोग सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। इस अवसर पर राज्य सरकार की ओर से इस बात से आश्वस्त करता हूं आपके बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर हमें साथ के लिये आश्वस्त करता हूं कि न्याय की गति इतनी ही तेजी से बढ़कर प्रगति को एक नया आयाम देती है।***

समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ के सफल आयोजन के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की प्रशंसा की।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में छः सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत से बनाये गये बहुउपयोगी भवन में अधिवक्ताओं को चैंबर, मल्टी लेविल पार्किंग और लाइब्रेरी सहित कई सुविधाएं उपलब्ध मिलेंगी।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज आगरा के एक दिवसीय दौरे पर होंगे। श्री धनखड़ यहां माता अहिल्या बाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत की आतंकवाद के उन्मूलन के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल कई देशों में उच्च स्तरीय चर्चाएं कर रहा है। इसी क्रम में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कल कोलंबिया की उप विदेश मंत्री और एशिया–प्रशांत से जुड़े उनके वरिष्ठ सहयोगियों से मुलाक़ात की जबकि एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में

प्रतिनिधिमंडल ने अदीस अबाबा में अफ्रीकी संघ की शांति और सुरक्षा परिषद के साथ बातचीत की। डीएमके सांसद कनिमोई के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने लातविया के राज्य सचिव एंडजेज विलुमसन के साथ बैठक की।

**********

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टमटा ने कल वाराणसी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले देश के प्रथम रोप–वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दो चरणों में सम्पन्न होने वाले इस रोप–वे के निर्माण का पहला चरण नवम्बर में पूरा हो जायेगा। इसका लाभ स्थानीय लोगों के साथ ही देश और दुनिया से आने वाले पर्यटकों को मिलेगा।

**********

मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी को कल एमपी–एमएलए कोर्ट ने वर्ष दो हजार बाइस में हुए विधानसभा चुनाव के समय दिये गये भड़काऊ भाषण के मामले में दो साल कारावास और ग्यारह हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। दो साल की सजा के चलते अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत समाप्त हो सकती है।

**********

उन्नीस सौ इक्यानबे बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश पुलिस का नया मुखिया चुना गया है। उन्हें कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। शनिवार रात उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। राजीव कृष्ण से पहले कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशान्त कुमार कल सेवानिवृत्त हो गये।

**********

केंद्र सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान–दो हजार पचीस के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में कृषक वैज्ञानिक की थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया रहा है। पेश है एक रिपोर्ट–.

***प्रदेश के 75 जिलों में 10 हजार 125 कार्यक्रमों के जरिये 50 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 मई को लखनऊ स्थित लोक भवन में इस संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया था। अभियान के माध्यम से लैब टू लैंड को साकार करने कृषि संबंधी वैज्ञानिकों और अधिकारियों द्वारा नये शोध, नई प्रजाति तकनीक और किसानों के लिये संचालित योजनाओं के बारे में उन्हें अवगत कराया जा रहा है। कृषक–वैज्ञानिक संवाद की थीम पर संकल्प अभियान के तहत 12 जून तक राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम चलाये जायेंगे। राज्य के कृषि निदेशक ने 38 अधिकारियों को नामित किया हैं, जो आवंटित जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे और अभियान के बाद वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों के लिये सुझाई गई सिफारिशों को प्रस्तुत करेंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।***

विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान की कड़ी में आज मेरठ के दबथुआ स्थित गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

**********

गोरखपुर शहर में इक्कीस दिनों तक चिकन की बिक्री पर रोक लगाने के साथ ही नागरिकों के लिये एडवाइजरी जारी की गयी है। यह निर्णय बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए एहतियातन लिया गया है। एक रिपोर्ट–

***गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र में बर्ड फ्लू की आशंका के मद्‌देनजर पांच जगहों से सैम्पल लिये गये थे, जांच में चिकन के सैम्पल में बर्ड फ्लू नहीं मिले लेकिन इन दुकानों के मुर्गा काटने के चाकू, कटिंग बोर्ड और वहां से निकलने वाले पानी के सैम्पल में बर्ड फ्लू के वायरस मिले हैं। ऐसे में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने सभी चिकन बेचने वाले दुकानदारों को अगले इक्कीस दिन तक दुकान बन्द रखने का निर्देश दिया है। बर्ड फ्लू की पुष्टि वाले इलाकों में करीब सात सौ मुर्गों को मार कर दफन कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।***

**********

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जायेगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से बारह बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर कई शहरों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किये गये हैं। इस बार बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी दी गयी है।

**********